## खबर संक्षेप

### द्वारका भवन में सामूहिक विवाह का आयोजन आज

**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजनान्तर्गत 15 जुलाई को जनपद पंचायत कार्यालय कटनी स्थित द्वारका भवन में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें 43 कन्यायें परिणय-सूत्र में बंधेंगी। जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह ने बताया कि इस आयोजन में ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेंहरा, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा और जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीता बाई एवं उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया इस विवाह आयोजन के साक्षी बनेंगे।

### जिले में अब तक 161.5 मिमी औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से 14 जुलाई 2024 प्रातः तक कुल 161.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 335.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 173.9 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 14 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 205.6 मिलीमीटर, तहसील रीठी मे 166.6 मिलीमीटर, तहसील बड़वारा मे 103.0 मिलीमीटर, तहसील बरही में 125.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 117.5 मिमी, बहोरीबंद मे 146.9 मिमी, स्लीमनाबाद में 182.4 मिली मीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा मे 242.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### गांव की बेटी एवं प्रतिभा किरण योजना में छात्रवृत्ति सुविधा

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गाँव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर सुविधा प्रारंभ कर दी गई हैं। उक्त सत्र में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं 20 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगी। उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। समस्त प्राचार्यों को उक्त सत्र में आवेदन करने से शेष, पात्र समस्त छात्राओं को सूचना,जानकारी उपलब्ध करवाकर आवेदन कराने और पोर्टल पर दर्शित आवेदनों के निराकरण (सत्यापन, भुगतान) की कार्यवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### विदेश में उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी छात्रवृत्ति

**कटनी।** प्रदेश के सामान्य, अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में स्नातकोत्तर एवं पीचएडी उपाधि के लिए छात्रवृत्ति योजना सत्र 2024-25 (सत्र जुलाई से दिसम्बर 2024) के अन्तर्गत आवेदन आंमत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थी आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई को सायं 6 बजे तक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, तृतीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल में स्वयं अथवा वाहक अथवा डाक द्वारा द्वारा अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। अपात्र, अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन विचारणीय नहीं होंगे। अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा (स्नातकोत्तर एवं पीचएडी उपाधि के लिए) प्राप्त करने के लिये राज्य सहायता छात्रवृत्ति में आवेदन करने के लिए विद्यार्थी, मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। विद्यार्थी का अर्हकारी परीक्षा स्नातक,स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित सूची में सम्मिलित विदेश में स्थित विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में अध्ययन के लिये प्रवेश (ऑफर लेटर) प्राप्त करना अनिवार्य है।

---

कटनी के अलावा सतना व मैहर में भी करते थे चोरी, माधवनगर पुलिस को मिली सफलता

# पुलिस के हत्थे चढ़े तीन शातिर बदमाश साढ़े पांच लाख के जेवरात किये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। दरअसल बीते कुछ महीनों से शहरी क्षेत्र में चोरी की दर्जनों वारदातें हो चुकी है जिससे लोगों में आक्रोश भी व्याप्त था। माधव नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई चोरी की वारदात के मामले में जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों बदमाश कटनी सहित सतना एवं मैहर जिले में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। चोरों के पास से लगभग साढे 5 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं।

एसपी अभिजीत रंजन के निर्देशन, एडि एसपी डॉ. संतोष बेहरिया एवं सीएसपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस द्वारा थाना माधवनगर अंतर्गत घटित बड़ी चोरी का पर्दाफाश किया गया।



पुलिस ने बताया कि गत 12 जुलाई को फरियादी जगदीश प्रसाद उरमलिया 45 वर्ष निवासी ग्राम खजुरी बडखेरा थाना माधवनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 जुलाई की रात्रि 1 बजे से 6 बजे के बीच ग्राम खजुरी में उसके घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात सहित नगद 40 हजार रुपये अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिये हैं। रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की गई। चोरों की पतासाजी के लिए पुलिस ने मुखबिर तंत्रों के माध्यम से संदेहियों से पूंछतांछ की गई जिसमें क्रमशः सुग्रीव उर्फ पप्पू पटैल निवासी परसवारा थाना बरही, मदन जायसवाल निवासी शिवाजी नगर थाना कोतवाली, अशोक कुशवाहा निवासी भेडा तेवरी थाना स्लीमनाबाद द्वारा चोरी की घटना किया जाना स्वीकार किया गया।

### ये जेवरात किये गए बरामद

पकड़े गए चोरों ने पुछताछ के दौरान कटनी एवं समीपवर्ती जिलों मैहर, सतना में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूली है। उनके आपराधिक रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। जिसमे सुग्रीव उर्फ पप्पू पटैल निवासी परसवारा थाना बरही जिला कटनी, मदन जायसवाल निवासी शिवाजी नगर थाना कोतवाली जिला कटनी, अशोक कुशवाहा निवासी भेडा तेवरी थाना स्लीमनाबाद जिला कटनी से सोने का 1 पेन्डेल, 1 सोने की अंगूठी, 7 सोने की चूड़ियां, 1 सोने की चेन, 1 सोने का मंगलसूत्र एवं चार सोने की पत्ती, एक जोडी चांदी की पायल, दो चांदी की मूर्तियां बरामद की गई। जिनका बाजार मूल्य करीब 5 लाख 25 हजार रुपये है।

### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

कार्यवाही में थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर, उप निरीक्षक दुर्गेश तिवारी चौकी प्रभारी निवार, सउनि कमलेश्वर शुक्ला, सउनि मनोज, प्र.आर. कमलेश, प्र.आर. लालजी यादव, प्र.आर अजीत, प्र.आर. गौरव, प्र.आर. देवेश, आर. शिव कुमार, आर. राजेन्द्र, आर सुभाष यादव, आर. महेश चौधरी, आर. रणविजय सिंह, आर. रामचरण वर्मा, आर. अभय यादव की भूमिका रही है।

---

# 677 नामांतरण प्रकरणों का 5 दिवसों में निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले मे सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की तर्ज पर ही सोमवार 8 जुलाई से नामांतरण मामलों के निपटारे के लिए प्रारंभ किये गए विशेष अभियान के अब तक कुल 677 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निपटारे के लिए संचालित अभियान के साथ-साथ नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के दिये गए निर्देश पर अभियान के तहत सोमवार 8 जुलाई से शुक्रवार 12 जुलाई तक 677 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

### तहसील स्लीमनाबाद अग्रणी

नामांतरण मामलों के निपटारे के लिए प्रारंभ किये गए विशेष अभियान के पांचवे दिन शुक्रवार को तहसील स्लीमनाबद सर्वाधिक 92 नमांतरण प्रकरणों का निपटान किया जाकर अग्रणी रहा। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील कटनी नगर द्वारा 90 नामंतरण प्रकरणों का निपटान किया गया। इसी तरह तहसील रीठी अभियान के पांचवे दिन तक कुल 87 प्रकरणों का निपटारा तृतीय स्थान पर है।

### बरही तहसील पीछे

इसी तहत नामांतरण प्रकरणों के निपटारे के मामले मे तहसील बहोरीबंद द्वारा 83 प्रकरण के साथ चौथे पायदान पर, तहसील कटनी एवं तहसील विजयराघवगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से 76-76 नामांतरण प्रकरणों का निपटान कर पांचवे स्थान पर एवं तहसील ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा द्वारा संयुक्त रूप से 70-70 नामांतरण प्रकरणों का निपटान कर छठवे और तहसील बरही द्वारा अंतिम पायदान पर रहकर अब तक कुल 33 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### नायब तहसीलदार और तहसीलदार को लक्ष्य निर्धारित

कलेक्टर श्री प्रसाद ने सोमवार 8 जुलाई से शुरू हो रहे नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के विशेष अभियान के तहत नामांतरण प्रकरणों के निपटारे हेतु नायब तहसीलदारों को प्रतिदिन नामांतरण के कम से कम पांच और तहसीलदार को 10 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है।

---

तीन थानों में ढक्कन पर दर्ज है 27 से अधिक मामले

# कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार कर सेंट्रल जेल जबलपुर में कराया दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया तथा एसडीओपी के.पी. सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कैमोर अरविंद चौबे द्वारा टीम गठित कर बदमाश अभिलाष अवस्थी उर्फ बब्लू उर्फ ढक्कन को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून 1980 की धारा 3(2) के तहत जिला दंडाधिकारी कटनी द्वारा जारी आदेश के तहत गिरफ्तार कर सेंट्रल जेल जबलपुर दाखिल किया गया।

थाना क्षेत्र कैमोर के कुख्यात आरोपी/बदमाश अभिलाष अवस्थी उर्फ बब्लू उर्फ ढक्कन पिता राजेश्वरी अवस्थी उम्र 30 वर्ष निवासी अमरैयापार, कैमोर के विरुद्ध मारपीट, धमकी देना, पैसों की मांग, घर- परिसर में घुसकर मारपीट करना, अवैध हथियार से फायर करना, विधि विरुद्ध तरीके से लोगों को संगठित कर बलवा करने, जिला बदर उल्लंघन सहित अनेक



धाराओं में थाना कैमोर, कुठला,माधवनगर में कुल 27 से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं। कई मामलों में गवाहों को धमकाने मारपीट करने वाले अभिलाष अवस्थी उर्फ बब्लू उर्फ ढक्कन को 02 बार वर्ष 2022 एवं वर्ष 2023 में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन की अनुशंसा पर कलेक्टर कटनी द्वारा जिला बदर किया जा चुका है, लेकिन प्रत्येक बार बदमाश द्वारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर अपराध घटित किया गया। वर्ष 2022 में तत्कालीन थाना प्रभारी सुदेश कुमार समन द्वारा भी बदमाश को जिला बदर के उल्लंघन करने पर एफ.आई.आर. कर जेल भेजा गया था एवं वर्ष 2024 में जिला बदर का उल्लंघन करने पर थाना प्रभारी माधवनगर अनूप सिंह द्वारा भी एफ.आई.आर. कर जेल भेजा गया था लेकिन इन सब के बावजूद बदमाश की अपराधिक गतिविधियां कम नहीं होने से पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा बदमाश का NSA प्रकरण तैयार करवाकर अनुशंसा कर कलेक्टर कटनी को भेजकर NSA की कार्यवाही कर अपराधी के विरुद्ध सबसे कठोर कार्यवाही की गई।

बदमाश अभिलाष अवस्थी उर्फ बब्लू उर्फ ढक्कन के विरुद्ध NSA की कार्यवाही से अपराधियों में हड़कंप मच गया है । बदमाश को पकड़ने में थाना कैमोर की टीम जिसमे थाना प्रभारी कैमोर अरविंद चौबे, उनि दिनेश कुरेशिया, प्रआर प्रेम पटेल, आर विनोद गायकवाड,आर अजीत तिवारी, प्रआर चालक चंद्रभान की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

---

## विधायक ने किया हाईस्कूल का औचक निरीक्षण



बड़वारा विधायक धीरेन्द्र सिंह शनिवार को बड़वारा विकासखंड के रोहनिया हाईस्कूल में औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर बच्चों से हालचाल जाना। साथ ही कमी मिलने पर बड़वारा बीईओ को निर्देशित किया । रोहनिया हाईस्कूल में निरक्षण के दौरान विधायक श्री सिंह ने पाया की बच्चे कम संख्या में स्कूल पहुंचे जिस पर रोहनिया प्राचार्य को निर्देशित करते हुए कहा की जल्द ही अभिभावकों से संपर्क कर बच्चो को नियमित स्कूल हेतु प्रेरित करें । विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह रोहनिया के माध्यामिक शाला पहुंचे जहां पर कम पंखे होने पर अपने निजी खर्चे से तीन पंखे प्रदान किए तथा साथ ही मध्यान्ह भोजन को चखकर उसकी गुणवत्ता को परखा।

---

# वारदात को अंजाम देने की फिराक में था बदमाश, सूचना पर पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अपराधिक गतिविधियों को रोकने एवं बदमाशों को गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कार्यवाही की जा रही है। गत दिवस कोतवाली टीआई आशीष शर्मा के निर्देश पर बस स्टैण्ड पुलिस चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा द्वारा एक पुलिस टीम बनाकर कोतवाली क्षेत्र एवं बस स्टैण्ड क्षेत्र में अपराधों को अंजाम देने वालों पर शिकंजा कसा गया। पुलिस को सूचना मिली कि खिरहनी फाटक निवासी सूरज चौधरी नामक युवक किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।इसके पूर्व पुलिस ने गायत्री

**बस स्टैण्ड पुलिस ने की कार्रवाई, दूसरा बदमाश हो गया फरार**

नगर पुलिया के समीप आरोपी को दबोच लिया।

आरोपी सूरज चौधरी द्वारा अपने साथियों का इंतजार किया जा रहा था।।पुलिस को मुखविरों से सूचना मिली कि सूरज बम लेकर खडा है तथा किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की फिराक में है। कोतवाली में पदस्थ प्रआरक्षक पुष्पराज सिंह प्र आरक्षक अनिल सिंह आरक्षक वीरेंद्र तिवारी टीम को तत्काल रवाना किया गया और आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी सूरज द्वारा इसके पहले चोरी की विभिन्न वारदातों को अंजाम दिया गया जिसके खिलाफ थानों में अपराध पंजीबद्ध किया जा चुके हैं आरोपी सूरज द्वारा सूने घरों में ताला देखकर पलक झपकते ही चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता है। हाल ही में आरोपी घटना को अंजाम देने के पहले ही पुलिस के हत्थे चढ गया। इसका एक अन्य साथी भाग निकला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 5 विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। एएसआई प्रहलाद द्वारा मामले की विवेचना की गयी।

---

माधवनगर थाना परिसर में बैठक का हुआ आयोजन

# पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार त्यौहार को शांति पूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं समुदाय के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए जिसके अनुसार सभी समुदायों के बीच शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए समुचित कदम उठाए जाएंगे। सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे आपसी भाईचारे और सहनशीलता का परिचय दें।



त्योहार के दौरान पुलिस बंदोबस्त को मजबूत किया जाएगा। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर निगरानी रखी जाएगी।

यातायात व्यवस्था के तहत त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। जुलूस के मार्ग को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाएं जायेंगे। किसी भी आपात स्थिति में नागरिक तत्काल पुलिस हेल्पलाइन नंबर [डायल 100] पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, प्रत्येक क्षेत्र के लिए पुलिस की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिनसे सीधा संपर्क किया जा सकता है।

त्यौहार के दौरान किसी भी अफवाह को रोकने के लिए सोशल मीडिया पर सतर्कता बरती जाएगी। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में थाना माधवनगर के निरीक्षक अनूप सिंह ने सभी समुदायों से अपील की है कि वे मोहर्रम ताजिया के अवसर पर शांति और सद्भाव बनाए रखें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

---

23 जुलाई को कलेक्टर कोर्ट मे पालन प्रतिवेदन जमा करने किया निर्देशित

# 15 दिन के भीतर निर्माण हटानें जारी किया अंतिम सूचना पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बरही तहसील के दो अवैध कालोनाईजरों को अंतिम सूचना पत्र जारी करते हुए निर्मित की गई अनाधिकृत कॉलोनी के सभी चिन्हांकन एवं सभी प्रकार के निर्माण हटाने के लिए 15 दिनों का समय प्रदान करते हुए अंतिम सूचना पत्र जारी किया है। साथ ही 23 जुलाई की शाम 4 बजे कलेक्टर कोर्ट मे पालन प्रतिवेन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है।

### ये है मामला

कलेक्टर कोर्ट में प्रचलित बरही तहसील के बिना कालोनाईजर लाइसेंस एवं भूमि का डायवर्सन कराये बिना अवैध प्लाटिंग करते हुए खसरे मे दर्ज कृषि भूमि का पांच-पांच रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का निष्पादन दोंनो कालोनाईजर्स क्रमशः त्रिवेणी अग्रवाल और राकेश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कॉलोनाईजर बरही निवासी त्रिवेणी अग्रवाल द्वारा ग्राम बरही पटवारी हल्का नंबर 10 स्थित भूमि खसरा नंबर 201/1 /1 रकवा 0.536 हेक्टेयर भूमि जो वर्ष 2021-22 में कृषि भूमि के तौर पर खसरे मे दर्ज है उसे बिना कॉलोनाईजर लाइसेंस प्राप्त किये भू-खंडों की ब्रिकी पांच व्यक्तियों को की गई। इसके लिए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इन्हे कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था।

### बिना लायसेंस भूखंडों का विक्रय

इसी प्रकार बरही तहसील के ही ग्राम जगुवा निवासी राकेश कुमार मिश्रा द्वारा बरही स्थित भूमि खसरा नंबर 204/1 /1 /1 रकवा 0.405 हेक्टेयर भूमि जो वर्ष 2021-22 मे खसरे मे कृषि भूमि के रूप मे दर्ज है उसे भी राकेश कुमार ने बिना कॉलोनाईजर लाईसेंस के पांच भू-खंडो का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित किया गया है इसके लिए भी इन्हे कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी किया हुआ था।

कलेक्टर न्यायालय मे कलेक्टर ने इन दोनों मामलों के तथ्यों का अवलोकन करने पर पाया कि कृषि भूमि को पृथक-पृथक भू-खंडों मे विभाजित कर भिन्न - भिन्न व्यक्तियों को विक्रय किया गया है। जिससे इस तथ्य का समाधान नहीं होता कि इन दोंनो अवैध कालोनाइजर द्वारा नगर पालिका अधिनियम के तहत ऐसे व्यक्तियों को जो इन भू-खंडो पर आवासीय अथवा गैर आवासीय या संयुक्त आवास का निर्माण कर बसने की इच्छा रखते है को भूमि का विक्रय नहीं किया है। इन दोंनो मामलों मे एस.डी.एम विजयराघवगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार विक्रय की गई भूमियो का उपयोग आवासीय प्रयोजन की दृष्टि से किया जा रहा है।बिना कालोनाइजर लायसेंस प्राप्त किये यह कृत्य नियमों और प्रावधान का उल्लंघन है।

### 15 दिन में हटाए सभी निर्माण

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बरही के दौनो कॉलोनाइजर त्रिवेणी अग्रवाल और राकेश कुमार मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किये गये कारण बताओ सूचना पत्र के जवाब को समाधानकारक नहीं पाया और दोंनो को निर्देशित किया है कि वे उल्लेखित खसरा नंबर में निर्मित की गई अनाधिकृत कॉलोनी के सभी चिन्हांकन एवं सभी प्रकार के निर्माण 15 दिवस के भीतर हटा लें।

### आदेश किया गया पारित

इस संबंध मे कलेक्टर न्यायालय द्वारा दौनो कालोनाइजर को अंतिम सूचना पत्र जारी करते हुए 23 जुलाई की शाम 4 बजे कलेक्टर न्यायालय में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किये है। वहीं दौनों मामलों मे कलेक्टर श्री प्रसाद ने तहसीलदार बरही को निर्देशित किया है कि उल्लेखित खसरा नंबरों की कैफियत के कॉलम नंबर 12 मे भूमि का अंतरण प्रतिशेध किया है। और संबंधी प्रविष्टि दर्ज कर तहसीलदार बरही को 23 जुलाई के पहले पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया है।

---



# पेड़ से जा टकराई कार, हादसे में तीन हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

तेज रफ्तार में चल रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में दो महिलाओं सहित एक युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि कटनी से दमोह की और जा रहे कार चालक को लगी झपकी पेड़ जा टकराई। कार में सवार 3 लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि कार क्रमांक एमपी 20 सीके 8398 में एक परिवार कटनी से दमोह की ओर जा रहा था तभी रैपुरा कैमोरी के पास अचानक कार चालक की झपकी लग गई और कार सीधे पेड़ से जा टकराई। इस हादसे मे सास, बहु , बेटे को चोट आई है। लोगों की सहायता से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

## खबर संक्षेप



### ट्रक चालक ने बोलेरो वाहन को मारी टक्कर

**कटनी।** तेज रफ्तार ट्रक चालक ने मालवाहक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना कारित करने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार होने लगा जिसे राहगीरो द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार एन एच 30 मार्ग पर ट्रक चालक ने बुलेरो पिकअप वाहन को मारी जोरदार टक्कर दी जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि की सूचना नही मिली। वाहन चालक व कंडक्टर शीट मे बैठे युवक को चोट आई है जिसे नागरिको ने उपचार के अस्पताल भिजवाया गया।

### 6 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** जीआरपी थाना के प्रकरण क्रमांक 94/2019 अपराध क्रमांक 348/ 2017 धारा 328, 379, 411 भादवि के मामले में 6 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी राजेश अहिरवार पिता पप्पू अहिरवार 24 वर्ष निवासी गायत्री नगर वार्ड नंबर 6 गंजबासौदा जिला विदिशा को जीआरपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी के समक्ष पेश किया गया। फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका प्रधान आरक्षक देवेंद्र ठाकुर, आरक्षक अभिषेक सिंह, सलमान खांन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद नें जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों के साथ एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए है। विदित हो राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मध्यप्रदेश में नागरिकों के आंतरिक आनंद की अनुभूति तथा परिपूर्ण आनंदमयी जीवन के लिए अल्पविराम कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जिले में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का आयोजन किसी शासकीय प्रशिक्षण संस्थान, कॉन्फ्रेंस रूम अथवा हॉल में किया जा सकेगा, जहाँ आपके द्वारा मूलभूत सुविधाएं यथा प्रोजेक्टर, व्हाइट बोर्ड, माईक, बैठने की व्यवस्था आदि हो। अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन जिला कटनी में आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर एवं आनंदम सहयोगी द्वारा किया जावेगा। आपके विभाग संस्था में अल्प विराम सत्र के संचालन हेतु डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल काम्बले से समन्वयक स्थापित कर अपने विभाग या संस्थान के अधिकारी, कर्मचारियों के बीच अल्पविराम कार्यक्रम कराया जाना सुनिश्चित करें।

### संविदा कर्मियों को आयुष्मान भारत योजना का मिलेगा लाभ

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम्-योजना में पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में सम्मिलित हितग्राहियों के अतिरिक्त, सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर, कोटवार एवं संविदा कर्मियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत किया गया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने महिला एवं बाल विकास, राजस्व, सामान्य प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं एमडी एनएचएम को पात्र हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं, ऐसा परिवार जिसका कोई भी सदस्य गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष में आयकर दाता हो, जिसका कोई भी सदस्य किसी अन्य शासकीय योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता हो, परिवार जिसका कोई भी सदस्य शासकीय कर्मचारी होने के साथ-साथ राज्य, केन्द्र शासन की किसी अन्य योजना अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने हेतु पात्र हो अपात्र श्रेणी में माना जायेगा।

## जिले को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मिली बड़ी सौगात, बस को दिखाई हरी झंडी

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों को सैद्धांतिक के साथ मिलेगा व्यवहारिक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में शुरूआत होने का आज का दिन कटनी के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से विद्यार्थियों को सैद्धांतिक के साथ - साथ व्यवहारिक ज्ञान भी मिलेगा। यह बात रविवार को विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा के विधायक संदीप जायसवाल ने शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में शुरूआत कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पियूष अग्रवाल ने किया।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप लागू की गई नई शिक्षा नीति प्रावधानों से अब इस कॉलेज से युवाओं को रोजगारोन्मुखी पाठयक्रम से जुड़कर अपने भविष्य को संवारनें का अवसर मिलेगा। उन्होने इस कॉलेज से अपने आत्मिक और हार्दिक लगाव एवं यहां की गई पढ़ाई को



संस्मरणों का भी याद किया। कार्यक्रम को बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह और जिला योजना समिति एवं जिला भाजपा अध्यक्ष ने भी संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप मे जिले को मिली एक बड़ी सौगात बताया।

उद्घाटन कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराए जाने हेतु भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र, का शुभारंभ भी किया गया। महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा करने हेतु विद्या वन का उद्घाटन पौधारोपण कर किया गया।

प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालयों में छात्र - छात्राओं हेतु बस सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसका भी शुभारंभ किया गया। एक्सीलेंस कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा, एक्सीलेंस कॉलेज नई शिक्षा नीति का पालन करेंगे। हिंदी ग्रंथ अकादमी प्रकोष्ठ विद्यार्थी पुस्तक सहायता केंद्र महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध रहेगा जिसमें सभी विषयों की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध है यहां से विद्यार्थी अपनी आवश्यकतानुसार पुस्तकें डिस्काउंट रेट पर खरीद सकेंगे। गौरतलब है कि शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन होने से महाविद्यालय में 34 शैक्षणिक पद एवं 05 तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पद ,कुल 39 पद सृजित किए गए है। महाविद्यालय में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए 17 अध्यापन कक्ष, 10 नवीन उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय एवं ई- पुस्तकालय की सुविधा,खेलकूद में रुचि रखने के वाले छात्रों के लिए स्पोर्ट्स ग्राउंड, ग्रीन कैंपस, एवं ऑडिटोरियम इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।

महाविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर का पाठ्यक्रम भी इसी सत्र से प्रारंभ होगा। इसके अतिरिक्त स्ववित्तीय आधार पर क्रिस्प के अंतर्गत बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम एवं बीएससी मार्केटिंग एंड सेल्स (फार्मा एंड मेडीटेक) का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम भी इसी सत्र से शुरू कर दिया जायेग।



# 41 हजार रूपए का गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 4 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन व्दारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा था। इसी दौरान सउनि. विक्रम सिंह हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान बनहरा मोड यात्री प्रतीक्षालय के पास ग्राम बनहरा मे एक व्यक्ति जिसका नाम गुलाब सिंह पिता तेजीलाल राठौर 34 साल निवासी ग्राम सुनहरा थाना बडवारा जिला कटनी के कब्जे से एक प्लास्टिक के थैले में कुल 04.133 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 41,000 रूपये जप्त किया जाकर उक्त व्यक्ति के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा आरोपी गुलाब सिंह पिता तेजीलाल राठौर उम्र 34 साल निवासी ग्राम सुनहरा थाना बडवारा जिला कटनी को आज न्यायालय कटनी पेश किया गया।

इस कार्रवाई में विशेष भूमिका थाना प्रभारी उनि. किशोर कुमार द्विवेदी, सउनि विक्रम सिंह, प्र.आर. के.के. शुक्ला, प्र.आर. पवनराज, आर. गौरीशंकर, आर. शिवप्रकाश तिवारी की विशेष भूमिका रही।

*आपसी सौहार्द एवं सदभाव के पर्व मनाने की गई अपील*

# मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

पुलिस कप्तान अभिजीत रंजन के आदेश पर विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की जिसमे नगर के सभी हिन्दू मुस्लिम भाईयो ने हिस्सा लिया तथा मुहर्रम जुलूस को लेकर आपसी चर्चा हुई। बताया गया की 17 जुलाई को मुहर्रम शहादत इमाम हुसैन एवं 72 जानिसार साथियों की याद मुस्लिम समुदाय त्योहार के रूप मे मनाते हैं।जिसमे सभी शहर के मोहल्ले से ताजिया निकलेगी और कर्बला मे ठंडी होगी। 17 जुलाई को मुहर्रम जुलूस विजयराघवगढ़ आजाद चौक से नदीपार बंजारी आदी सभी जगहो की ताजिया



बंजारी मे एकत्र होगी जो बंजारी से जुलूस शांति प्रिय तरीके से नदीपार व विजयराघवगढ़ नगर का भ्रमण करते हुए आजाद चौक होते हुए थाना विजयराघवगढ़ पहुंचेगा तथा अंत मे कर्बला मे ताजिया को ठंडा किया जाएगा जुलूस का इस्तकबाल जगह जगह हिन्दू मुस्लिम भाई लंगर व पानी व्यवस्था के साथ करेगे। थाना प्रभारी ने कार्यक्रम की रुपरेखा की जानकारी ली तदपरांत अस्वस्थ कराया की आयोजन मे कोई कमी नही छोडी जाएगी हैवी वाहनो पर रोक लगाई जाएगी तथा नगर परिषद द्वारा लाईट पानी की सुलभ व्यवस्था होगी सभी लोग पुलिस का सहयोग करे पुलिस आपका सहयोग में 24 घंटे तत्पर रहेगी।

बैठक में विजयराघवगढ़ मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा कांटी मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चौहान अंजुमन कमेटी के सदर व वरिष्ठ अधिवक्ता नूर मोहम्मद सिद्धकी, रामनारायण सोनी (गुड्डा सोनी) नन्दू गुप्ता बंजारी सरपंच पति मो अल्ताब, माजीद खान,मो ईकवाल मो अरवाज विधुत लाईन मैन नाईम खान नगर परिषद से शेख राजू दिनेश गुप्ता मयंक प्रसाद मो रिजवान सोनू शर्मा आशुतोष सराफ निजाम भाई पुलिस स्टाफ अश्वनी यादव,अंजनी झा,लालू यादव,संजू कोल आदि उपस्थित रहे।

## जल देवता की पूजा कर खुशहाली की कामना



झूलेलाल चालिहा महोत्सव समिति द्वारा गुरुनानक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में मनाया जा रहा झूलेलाल चालिहा महोत्सव की श्रृंखला में रविवार को विविध धार्मिक आयोजन हुए। सुबह 9 बजे से कटायेघाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना, भजन कीर्तन अखों – पल्लव, आरती व दीपदान का आयोजन किया गया। उपस्थित भारी जन समूह के बीच धर्ममय अद्भुत नजारा दिखा। जल देवता से देश की खुशहाली व भरपूर बारिश की कामना की गई। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर नदी के पावन तट में जमकर भजनों की लहरियां व भगवान वरुण देव के जयकारे गूंजे। बड़ी संख्या में सिंधी समाज सहित अन्य समाज के लोगों की उपस्थिति रही। इस मोके पर त्रिलोकचंद भोजवानी, महेश बहलानी, अमर चेतवानी, नेवंद खूबचंदानी, गोविंद सचदेवा, गिरधारी लाल पोपटानी मनोहरलाल बजाज आदि की उपस्थिति रही।




# जेके व्हाइट ने बांटे एक हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत जे के व्हाइट सीमेंट रुपोंद (कटनी) के यूनिट हेड आशीष आसोपा के मार्गदर्शन में ग्राम भगनवारा, बछौली,बम्हनगवां में जन जन के मध्य जाकर डोर टू डोर फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। ग्राम भगनवारा में ग्राम सरपंच श्रीमती मुन्नी बाई असाटी एवम ग्राम के गणमान्य जनों की उपस्थिति में फलदार पौधे आम,कटहल, जामुन के पौधे वितरित किये गए।

भगनवारा ग्राम सरपंच श्रीमती मुन्नी बाई असाटी ने ग्राम में स्कूल में शौचालय बनवाने व ग्राम में स्ट्रीट लाइट लगवाने की बात की जिसे कम्पनी प्रवंधन के द्वारा पूरा करने का आश्वाशन दिया गया। ग्राम के गणमान्य व्यक्ति औसर लाल असाटी ने जे के व्हाइट सीमेंट कम्पनी कटनी के द्वारा किये जा रहे जन हितैषी कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में सहयोग करने में कम्पनी प्रवंधन द्वारा सराहनीय योगदान प्रदान किया जा रहा है। कम्पनी के जन सम्पर्क अधिकारी हिमांशु पटसारिया ने बताया कि फलदार पौधे वितरण करने से लोगों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। कम्पनी सामाजिक कार्यों में सहयोग करने के प्रति सदैव ततपरता पूर्वक कार्य कार्य कर रही है यह कार्य निरन्तर जारी रहेगा। इस दौरान कम्पनी के प्रवन्धक आशीष आसोपा, जन सम्पर्क अधिकारी हिमांशु पटसारिया, खनन अधिकारी चरण स्वामी, मानव संसाधन अधिकारी प्रवीण सिंह, सुरक्षा अधिकारी प्रदीप शेखावत एवम

*बिजली गर्जन सुनाई देने पर आधे घंटे तक सुरक्षित स्थान में रहें*

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाने जारी किये दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आकाशीय बिजली से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का पालन कर आकाशीय बिजली (वज्रपात) से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) से आउटडोर (घर के बाहर) बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है। यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। जारी निर्देश में कहा गया है कि धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत प्रवाह संभावित होने के कारण तुरंत सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लें। आकाशीय बिजली के गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संपर्क से दूरी बनाए रखें। इन्हें पावर प्लग से पृथक करें। बिजली का प्रवाह किसी भी दीवार, फर्श, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियो और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम तारों के माध्यम से हो सकता है। घर, कार्यालय में अर्थिंग सुनिश्चित करें। खुले हुए खिड़की, दरवाजे, धातु के पाइप इत्यादि के पास खड़े नहीं रहें।

विभाग द्वारा चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय के लिए आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। पर्याप्त संख्या में औषधियाँ, सामग्री और पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी शासकीय चिकित्सालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ताओं ए.एन.एम./ सी.एच.ओ. के पास जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बहु-उद्देशीय कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा पर्यवेक्षकों को स्थानीय स्तर पर आपात सेवा स्थापित करने के लिए तैयार रखा जाये। शासकीय अमले की सहायता के लिये स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों व पैरामेडिकल स्टॉफ को चिन्हित कर आपात स्थिति में उनकी सेवाएं प्राप्त करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

## एक पौधा मां के नाम अभियान का स्काउट गाइड ने किया शुभारंभ

# जाग्रति पार्क में दो सैकड़ा पौधों का किया गया रोपण, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत स्काउट गाइड मप्र जिला संघ कटनी के तत्वावधान में जागृति संस्था के सहयोग से माननीय कलेक्टर अवि प्रसाद एवं जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट पी.पी सिंह के सफल मार्गदर्शन में जिला स्तर पर क्लैप प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जागृति पार्क कटनी में 200 से अधिक स्काउट गाइड यूनिट लीडर की उपस्थिति में प्रारंभ किया।

इस अवसर पर सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर एवं जागृति संस्था के सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर जिले के समस्त विद्यालयों स्काउट गाइड दलो से आवाहन किया है कि प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड द्वारा अपने माता के नाम पर एक पौधा का अवश्य रोपण करें एवं जब तक संस्था में रहे तब तक उसकी देखरेख करने का संकल्प लें।

स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए



जागृति संस्था की अध्यक्ष परम सम्माननीय श्रीमति उमा निगम जी द्वारा सभी को बताया कि जागृति पार्क के थर्ड एरिया को 5 वर्ष पूर्ण हुए हैं जिसमें स्काउट गाइड द्वारा अपनी सेवाएं लगातार 5 वर्षो से प्रदान की जाती रही है और पौधारोपण हो या संरक्षण या फिर पार्क को स्वच्छ बनाने में स्काउट गाइड द्वारा अपनी अहम भूमिका निभाई है स्काउट गाइड संस्था समाज में सुनागरिक बनाने के कार्य साथ-साथ क्लाइमेट चेंज मेकर तैयार कर रही है जो क्लाइमेट के प्रतिएक जिम्मेदार सी के रूप में कार्य कर रहे हैं और समाज को जागरूक कर रहे हैं।

इस अवसर पर पर्यावरण संधारण समिति के सचिव पंजवानी ने पर्यावरण संधारण समिति के सदस्य नीरज लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में जागृति संस्था एवं पर्यावरण संधारण समिति सहित जागृति संस्था सदस्य सहितशासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कटनी शासकीय सी एम राइस हायर



सेकेंडरी स्कूल कटनी बाटसले अंग्रेजी मीडियम बाटसले हिंदी मीडियम सेंट पाल उमावि सिविल लाइन सेंट पॉल उमावि झिंगरी कटनी पब्लिक स्कूल यू एस मेमोरियल स्कूल शिवाजी ओपन रोवर रानी दुर्गावती ओपन रेंजर टीम के 200 से अधिक स्काउट गाइड सामिल हुए और वृहद वृक्षारोपण को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कीकार्यक्रम का संचालन निर्मला बनर्जी, शुभम उरमालिया द्वारा किया गया।

# हादसों से बचाने पशुओं को घर में बांध कर रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से धान की बोनी प्रारंभ हो चुकी है। राजमार्गों एवं नगर पालिका क्षेत्रों में आवारा (निराश्रित) गौवंशज पशु विचरण करते देखे जा रहे हैं। उक्त पशुओं का जहां एक ओर सड़क दुर्घटना से मृत्यु होते देखे जा रहे हैं, वहीं फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों से एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जनपद पंचायत अधीनस्थ राजमार्गों से आवारा गौवंशजों को नजदीकी गौशालाओं मे प्रतिस्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। गौशालाओं में प्रतिस्थापित पशुओं में 12 अंक के इनाफ टैग लगाकर पंजीकृत कर लिए जाएंगे। पशुपालक द्वारा पशु वापस मांगे जाने पर निर्धारित अर्थदण्ड की वसूली किए जाने पर ही पशुपालक को पशु वापस किए जा सकेंगे।

जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. आर.के.सिंह ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को घर में बांध के रखें, अन्यथा गौशालाओं में प्रतिस्थापित किए जाने पर पशु गौशाला की मानी जायेगी। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2024-25 गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें गौशाला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने के दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया है कि राज्यमार्गों पर दुर्घटना में घायल गौवंश को प्राथमिक उपचार हेतु पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित चलित पशुचिकित्सा इकाई के टोल फ्री कॉल सेन्टर नंबर 1962 का किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग कर चिकित्सा दल को बुलाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### मानक बने झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**दमोह।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, झुग्गी झोपड़ी के प्रदेश अध्यक्ष निकेश चौहान एवं प्रदेश महामंत्री समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी जे.पी. धनोजिया के अनुमोदन एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन एंव पूर्व विधायक अजय टंडन की सहमति से मानक अहिरवार को झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है उनके मनोनयन पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा, प्रताप सिंह, लक्ष्मण सींग, मानक पटेल, परम यादव, प्रदीप खटीक राव ब्रजेन्द्र सिह, रोहन पाठक, नितिन मिश्रा, प्रजु यशोधरन, वीरेन्द्र सिंह सहित जनपद जिला पंचायत सदस्य सहित नगर के समस्त पार्षदों ने बधाई दी है।

### जेठानी ने देवरानी के साथ की मारपीट, अपराध कायम

**अमानगंज।** समीपी ग्राम कामताना में आज पारिवारिक बुराई को लेकर आपस में दो महिलाओं के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है जिसमें फरियादी फरियादी ज्योति चौबे पति राम नरेश चौबे उम्र 32 साल ने खाना अमानगंज आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की पुरानी बुराई को लेकर हमारी जेठानी ने पत्थर मार कर घायल कर दिया जिससे मेरे एवं मेरे लड़के को पत्थर लगे एवं अश्लील गालियां देकर हमारे साथ मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी की दोबारा यदि हमारी बारी के सामने से निकलेगी तो फिर से हम तुम्हारे साथ मारपीट करेंगे थाना अमानगंज जाकर फरियादियों ने जेठानी सुनीता चौबे की विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया जिसमें अपराध धारा 296 12 5(2) 115(2) 351(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### सास एवं देवर ने बहू के साथ की मारपीट

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अमानगंज के के ग्राम नरेंद्रपुरा में पारिवारिक बुराई को लेकर सास देवर ने बहू के साथ मारपीट कर घायल प्रियंका पटेल पति विनोद पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नरेंद्रपुर थाना अमानगंज अपने पति विनोद के साथ आकर थाना में रिपोर्ट किया।

ओडीएफ में जमकर भ्रष्टाचार: अनुपयोगी शौचालयों का किया गया निर्माण और कागजों में बता दिया पूर्ण

# तेंदूखेड़ा ओडीएफ घोषित होने के बाद भी खुले में शौच जा रहे ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक को अधिकारियों ने खुले में शौच मुक्त होने का प्रमाण पत्र देकर ओडीएफ घोषित कर दिया है। जबकि आज भी पूरे ब्लाक की अधिकांश ग्राम पंचायतों में रहने वाले ग्रामीण खुले में शौच करने जा रहे हैं। जिसका कारण है शौचालय निर्माण किया गया भ्रष्टाचार और 'अनुपयोगी शौचालयों का निर्माण। आज भी ग्राम पंचायतों में अधूरे शौचालय बने खड़े हैं जिनका इस्तेमाल ग्रामीण नहीं कर रहे और इनका इस्तमोल कचरा घर के रुप में कर रहे हैं। तेंदूखेड़ा को ओडीएफ घोषित हुए छह साल बीत गए लेकिन आज भी लोगों का खुले में शौच जाना बंद नहीं हो पा रहा। ऐसा ही नजारा तेन्दूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत झमरा में देखने को मिला। जहां पूरे गांव में शौचालय तो बने हैं, लेकिन आज भी यह अधूरे पड़े हैं। कहीं सीट नहीं है तो किसी में छत नहीं है और दीवारें भी क्षतिग्रस्त हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कभी शौचालय का उपयोग नहीं किया क्योंकि शौचालय का निर्माण अधूरा है ग्राम पंचायत झमरा में जो शौचालय निर्माण हुए हैं वह कभी पूर्ण ही नहीं हुए थे। जब शौचालयों का निर्माण किया था उस समय कई ऐसे भी शौचालय थे जिनमें सीट नहीं लगी। इसके अलावा दर्जनों शौचालय ऐसे हैं जहां गड्ढा ही नहीं खुदा और बहुत से शौचालय में छत नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अधूरे शौचालय निर्माण के संबंध में कई बार सरपंच, सचिव से शिकायत की, लेकिन उन्होंने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। जिसके कारण आज पूरा गांव खुले में शौच जाने मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां अधिकांश आदिवासी समाज के लोग रहते हैं जो अशिक्षित हैं इसलिए शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी भी नहीं ले सकते।

#### पूरा गांव जाता है खुले में शौच

झमरा ग्राम पंचायत दमोह जिले की सीमा पर बसी अंतिम ग्राम पंचायत है उसके बाद देवरी जिला सागर लग जाता है। ग्रामीण भगवानदास आदिवासी ने बताया कि उनके गांव में कभी शौचालय निर्माण पूर्ण नहीं हुआ। चार पांच साल पहले शौचालय बने थे, लेकिन सभी शौचालय अधूरे पड़े हुए हैं गांव के लोग गरीब हैं इसलिए स्वयं के व्यय से शौचालय पूर्ण नहीं कर सकते। इसी कारण पूरा गांव खुले में शौच जा रहा है। इसी तरह झमरा निवासी सत्तर सींग गौड़ परशुराम आदिवासी ने बताया कि उनके गांव में ऐसे शौचालय बने हैं जिनमें बैठने को भी जगह नहीं है। किसी की छत नहीं है, कहीं गड्ढे नहीं हैं। अब शासन के अधिकारी ही आकर बताएं कि बिना गड्ढे के शौचालय में ग्रामीण कैसे शौच करने जाएं, लेकिन हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। जब कभी शिकायत करते हैं तो अधिकारी उसे कागजों में ही दबा देते हैं। इसलिए ग्रामीणों ने शिकायत करना भी बंद कर दिया है।

#### शौचालय निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार

ग्राम झमरा मे रहने वाले आदिवासी समाज के लोग अशिक्षित हैं यहां पर दो, चार लोग ही हैं जो पढ़े लिखे हैं। इसलिए यहां पर शासन की योजनाएं उतनी सफल नहीं हो पाई। ग्राम पंचायत में जो शौचालय बने वह क्षतिग्रस्त। आज उनकीं दीवारों पर केवल कालिक दिख रही है। इसलिए कहा जा सकता है के वल औपचारिकता के लिए शौचालय निर्माण कर दिया और जमकर भ्रष्टाचार कि या गया। इसके बाद भी आज तक किसी भी अधिकारी ने निरीक्षण नहीं किया। जबकि शासन, प्रशासन स्वच्छता अभियान के लिए प्रचार प्रसार कर रहा है. फिर वह अधिकारी झमरा ग्राम क्यों नहीं पहुंचे।

#### फोटोग्राफी कराने में दिखाई रुचि

तेंदूखेड़ा ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत व निर्माण ठेकेदार द्वारा इस मामले में निर्माण से ज्यादा सभी हितग्राही को खड़ा करके फोटोग्राफी करवाकर निर्माण कार्य को पंचायत द्वारा पूर्ण दिखाया गया है और सिर्फ कागजी घोड़ा दौड़ाते हुए अभियान को शतप्रतिशत सफल बता दिया गया ग्रामीणों का कहना है कि जितने भी शौचालय का निर्माण कराया गया है उनके हाल इसी प्रकार है जिसका उपयोग हम लोग नहीं कर पा रहे हैं शौचालय निर्माण में जिला से लेकर ब्लॉक स्तर पर जमकर भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की गई है लेकिन आज तक कोई जांच और कार्यवाही नहीं हुई है।

## गाता पटरियां पहुँच कर हो रहे बाल विवाह को रोका

**बाल विवाह कानून की जानकारी भी दी गई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

एक्सि टू जस्टिस फेज - परियोजना दमोह एवं कुम्हारी पुलिस की संयुक्त टीम ने एक लड़की के गाँव पहुँच कर उसे एवं उसके परिजनों आदि को समझाईश देते हुये उक्त मौके पर पंचनामा कार्यवाही कर हो रहे बाल विवाह को रूकवाया। प्राप्त जानकारी मे टीम को सूचना मिली थी कि गाँव गाता पटरियां पंचायत पटना थाना व ब्लॉक पटेरा जिला दमोह में बकस्वाहा (छतरपुर) से बारात आई हुई है। जबकि बच्ची अभी नाबालिग है। जिसकी शादी गैरकानूनी है। टीम मौके पर उम्र के बारे मे जब परिवारजनों से आधार र कार्ड, समग्र परिवारद आईडी , अंक सूची इत्यादि स्तावेज मांगे। तो लड़की पक्ष कोई भी दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नही करा पाया। पृथक दृष्टया देखने मे बच्ची 18 वर्ष से कम उम्र की लगती है। इस लिये मौके पर मौजूद बारातियों, बाजे वालों, पण्डित, टेन्ट वालों को भी समझाया गया। सभी को विवाह की कानूनन उम्र सीमा एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे मे बताकर उस पर भविष्य में अमल करने को भी कहा गया। सभी को समझाईश देते हुये उक्त बाल विवाह को पंचनामा की कार्यवाही कर रोका गया। इस मौके पर कुम्हारी पुलिस थाना के एएसआई गोपाल सिंह एवं जस्टिस टू जस्टिस परियोजना दमोह के जिला समन्वयक देबेन्द्र दुबे, एस.खान सहित वर-वधु, परिजन एवं अनेक बारातीगण व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## मुक्तिधाम में किया वृक्षारोपण



**हिंडोरिया।** अंबेडकर वार्ड के पार्षद एवं उनकी टीम द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के पौधे अलग अलग स्थानों पर लागाये गये। सर्वप्रथम मुक्तिधाम की साफ सफाई कर सभी ने वृक्षारोपण किया जिसमें पार्षद धमेंद्र चमन, मंजीत राज,अशोक, आशीष अहिरवार, नीरज, सादिक, दिलीप आदि की उपस्थिति रही।

## वृक्षारोपण कर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**दमोह।** म. प्र. जन अभियान के निर्देश पर सुशील नामदेव के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था बुन्देलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति दिगसर के सहयोग से एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पीपल के वृक्षो को लगाया गया । हरगोविंद साहू ने बताया कि जय अंबे एमरजैंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड 108 की जिला इकाई दमोह द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीपल के पेड़ का कोतवाली परिसर दमोह मैं वृक्षारोपण किया गया पीपल का पेड़ इसलिए भी क्योंकि पीपल ऐसा वृक्ष है जो वायुमंडल से कार्बन डाई ऑक्साइड को ग्रहण करता है और वायुमंडल में ऑक्सीजन को छोड़ता है ऑक्सीजन मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है आम नागरिकों से विनम्र अनुरोध है की एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण जरूर करें पर्यावरण के संतुलन बनायें रखने में एक थोड़ी सी भूमिका आपकी भी जरूरी है ।

## मोहर्रम पर्व की व्यवस्थाओं एवं आपदा प्रबंधन को लेकर हुई बैठक



**हटा।** आगामी बुधवार के दिन मोहर्रम पर्व को लेकर व्यवस्थाओं को बनानें थाना परिसर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार सीएमओ राजेन्द्र खरे उप निरीक्षक सौरभ शर्मा उ.निरी. शत्रुघन दुबे की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।चर्चा के दौरान मुस्लिम समाज के सदर यासीन खान द्वारा रविवार की रात अलाव एवं ताजियों की सवारी की जानकारी दी गई एवं मुहर्रम पर्व पर सुबह के समय एवं रात्रिकालीन में अखाड़ों के साथ साथ निकलनें वाले ताजियों की व्यवस्थाओं के संबध में सीएमओ को अवगत कराया गया जिसमें मंदिर मस्जिद चौराहा एवं बड़ा बाजार में सवारियों को रखनें के लिए तखत की व्यवस्था एवं सडक मार्गो की साफ-सफाई एवं विद्युत व्यवस्था बनाएं जानें की बात रखी गई।वहीं उप निरीक्षक सौरभ शर्मा द्वारा बैठक में बताया कि आगामी 16 जुलाई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आयोजित है जिसमें थाना एवं जिला से पुलिस बल व्यवस्थाओं में रहेगा वही आपदा प्रबंधन के संबध में जानकारी देकर लोगो को जागरूक किया गया कि इन दिनों नदी नाले उफान पर है नदी किनारे बसे लोगो को सुरक्षित रहनें एवं नदी में बाढ़ आनें की स्थिति को देखते हुए सावधानी बरते जानें की बात कहीं गई।इस बैठक में सदर यासीन खान मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष सद्दू पठान अंजार खान रसीद सिद्दीकी .सीएल नेमा सुनील राय रत्नेश खटीक के साथ अन्य लोगो की उपस्थिति रही।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष व पदाधिकारियों का किया स्वागत



**पथरिया।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता, संभागीय संगठन मंत्री अजब सिंह ठाकुर, संभागीय अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह, जिलाध्यक्ष भोपाल नागेश पांडेय, जिलाध्यक्ष सागर सूर्यपाल सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप देवलिया, उपाध्यक्ष मलखान सिंह, हाकम सिंह भरत सिंह,अशोक ठाकुर कार्यालय प्रभारी भोपाल का आज दमोह में संभागीय बैठक में शामिल हुए बैठक उपरांत उक्त सभी पदाधिकारी ब्लाक अध्यक्ष पथरिया कुंजीलाल पाली के निवास पहुंचे जहां अध्यक्ष व परिवार के केशवराम पाली,रामअवतार पाली, महेंद्र, आर्यन पाली, सेलवेन्द्र सिंह ने पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ शाल श्रीफल से भावभीना आत्मीय स्वागत किया गया।

## आदर्श डीके विद्यालय में पौधारोपण



**पथरिया।** आदर्श डी के हाई स्कूल में मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। धर्मेन्द्र चौवे वी ई ओ, प्रमेन्द्र दुवे,विद्यालय प्राचार्य व समस्त स्टाफ छात्र छात्राओं ने सहभागिता कर एक पेड़ मां के नाम से विद्यालय परिसर में पौधे रोपे। जिसमें अशोक,आम, के पौधे लगाए गए। धर्मेन्द्र चौवे ने बताया कि आप भी अपनी मां को सम्मान के साथ संकल्प लेकर एक पौधा जरूर लगाऐ।और इस अभियान को अपने लक्ष्य को पहुंचाने भागीदारी सुनिश्चित करें।

## सीता बाबरी मुक्तिधाम में श्रमदान और पौध रोपण किया



**दमोह।** प्रत्येक सप्ताह रविवार की प्रातः 07 बजे से श्रमदान कार्य किये जाने की श्रंखला में आज सीता बाबरी मुक्तिधाम में श्रमदान ओर पौध रोपण किया गया। सीता बाबरी मुक्तिधाम में श्रमदान कार्य क्रम उपरांत एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत गुलमुहर, बादाम तथा नीम के 10 पौधे रोपित किये गए। आज आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारीगण सहित गणमान्य नागरिक और आमजन मौजूद रहे।

# आर्यिका संघ की हुई भव्य अगवानी

**बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर





सिंग्रामपुर में आर्यिका संघ की भव्य अगवानी हुई। जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। नगर को स्वागत द्वारों से सजाया गया, श्रद्धालुओं ने घरों के सामने रंगोलियां सजाई। आचार्य श्री विद्यासागर की शिष्या नवाचार समय सागर महाराज जी के आशीर्वाद आर्यिका मां 105 साकार मति माताजी आर्यिका मां 105 जागृति मति माताजी आर्यिका 105 श्रुति मति जी अपने ससंघ के साथ आगमन सुबह की मंगल बेला में हुआ। संघ की अगवानी करने बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग गाजे बाजे के साथ पहुंचे। नगर में जगह-जगह आर्यिका संघ का भव्य स्वागत किया गया। आगवानी के दौरान पाठशाला के बच्चों बच्चों ने पाठशाला की ड्रेस एवं महिलाओं द्वारा पीले रंग की साड़ी सिर पर कलश धारण किए हुई थी वहीं पुरुषों द्वारा सफेद वस्त्र धारण कर भव्य आगवानी की आर्यिका संघ का मंगल प्रवेश नगर में हुआ और नया जैन मंदिर में विराजमान हुई मंदिर प्रांगण से आचार्य श्री जी की पूजा एवं माता जी के मांगलिक प्रवचन का सुनने का सु अवसर नगर वासियों को मिला आहारचर्या का सौभाग्य केवल चंद्र जैन नरेंद्र चंद्र जैन सुशील जैन परिवार को मिला आर्यिका संघ के आगमन सिग्रामपुर जैन समाज में भक्ति उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## सामाजिक संस्था कदम ने रोपा 949 वां पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विश्व शांति के लिए चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत आज कदम संस्था ने ठीक 10:00 बजे शासकीय उत्कृष्ट बालिका छात्रावास में 949 वां पौधा रोपण किया जिसमें डालचंद असाटी,राज किशोर सेन,नंदा असाटी,रौनक जैन ने अपने जन्मदिन पर पौधारोपण किया संस्था प्रमुख दीपक सेन के द्वारा डॉ पुष्पा श्रीवास्तव,नेहा लंबोदिया,सैयद शम्मू अली, राजीव गांगरा, सुमित उसरेटे, पंडित मुकेश शर्मा, आलोक मुखरैया, दीपा सेन,अल्पना खरे,सुश्री रुचिका जायसवाल,देव आर्यन श्रीवास्तव, संध्या द्विवेदी, सत्यम शिवानी सिंघई,ओम सेन, अभिषेक गौतम, प्रमोद कपड़िया,प्रवीण राय,वेदांत यादव,समृद्धि राय,रीना शिवहरे, के जन्मदिन एवं कृतिका संजीत राय,नेहा डॉक्टर नवीन दुबे,मीना उमाशंकर यादव, रागिनी आलोक जैन की वैवाहिक वर्षगांठ पर आंवले का पौधा रोपकर सभी को शुभकामनाएं दी। कदम ने अपनी प्रथा के अनुसार गीत गाकर सभी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। राकेश पुजारी के सुपुत्र रौनक पुजारी ने अपने जन्मदिन पर आज कदम संस्था की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विशेष उपस्थिति भावना उमरे, रश्मि सेन, उषा चौधरी, अर्चना गुप्ता, राधेश्याम नेमा, प्रभात जैन, राहुल टंडन, राकेश पुजारी, ऋषिकेश गुप्ता, टी चौधरी, संजय रजक, दिग्विजय सेन की रही। अगला पौधा रोपण 21 जुलाई दिन रविवार ठीक 10 बजे शासकीय उत्कृष्ट बालिका छात्रावास में रोपा जाएगा जिनके भी जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ हो पहुंचकर पूर्णता निशुल्क पौधारोपण करें।

## जिले के विकास में बाधा बन रहा वन विभागः- बृजेन्द्र प्रताप सिंह

**पन्ना।** जिले में सबसे अधिक मात्रा में वन विभाग है, जिसमें पन्ना विधानसभा सबसे अधिक प्रभावित है, क्योकि इस विधानसभा मे पन्ना टाईगर रिजर्व सहित सामान्य वन मंडल की भी रेन्जे है। इस क्षेत्र में हमारे द्वारा लगातार विकास कार्य कराये जा रहे है। जिसमें सडक, बिजली सब स्टेशन, सिचाई परियोजनाएं आदि। लेकिन उक्त विकास कार्य में वन विभाग द्वारा अनावश्यक अवरोध पैदा किया जा रहा है। उक्त बात पूर्व खनिज मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अजयगढ क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पत्रकारो को जवाब देते हुए कही। उन्होने कहा कि वन विभाग द्वारा हर्षा बगोंहा सडक निर्माण, छतैनी रोड, इमलोनिया पनारी रोड़, मडैयन रोड सहित अन्य कार्यो मे व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। वन विभाग के माध्यम से हर विकास कार्यो मे परेशानी आ रही है। उन्होने कहा कि हम इस संबंध में कलेक्टर से बात करेगें तथा विकास मे बाधा उत्पन्न करने वाले वन विभाग के संबंध में आंगे भी बात करेगें।

## खबर संक्षेप

### बांदकपुर धाम कोरिडोर के विषय पर हिंदू समाज की बैठक कल

**दमोह।** बुंदेलखड़ प्रदेश के प्रमुख हिंदूतीर्थ स्थल बांदकपुर धाम में भव्य कॉरिडोर निर्माण होने जा रहा है। जिसमें उज्जैन में बाबा महाकाल लोक की तर्ज पर एक विशाल प्रोजेक्ट बांदकपुर धाम के निर्माण को लेकर बन रहा है। जिस पर दमोह जिले के समस्त हिंदू समाज की एक विशेष बैठक 16 जुलाई मंगलवार को बुलाई गई है। जो दमोह के जटाशंकर मंदिर, मानस भवन में दोपहर 12:30 बजे से होगी। इसमें कॉरिडोर के संबंध में सभी हिंदू धर्म प्रेमी अपनी बात, विचार सुझाव रख सकेंगे जिससे कि आगे भव्य विशाल कॉरिडोर बांदकपुर धाम में बन सके।

### माझी समाज के मंडल अध्यक्ष नियुक्त

**दमोह।** माझी समाज जिला दमोह के ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोंटी रायकवार व शहरी जिला अध्यक्ष राकेश रायकवार ने माझी समाज के वरिष्ठ जनों की सहमति के उपरांत दमोह जिले के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। जिसमें सुरेश रायकवार पथरिया,कमल रायकवार हटा, देवेन्द्र रायकवार बटियागढ़, अशोक रायकवार नोहटा, रामकुमार केवट तेंदूखेड़ा, राहुल रायकवार जबेरा, सितारे रायकवार बनवार मंडल के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को माझी समाज ने बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही सभी मंडल अध्यक्षों से शीघ्र ही मंडल कार्यकारिणी गठित करने का आव्हान किया गया है।

### शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में होंगे शामिल

**दमोह।** दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी दमोह में आज 15 जुलाई 2024 को संपन्न होने जा रहे मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में 620 वर-वधू पवित्र बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, विधायक जयंत मलैया, ने पहुंचकर अधिकारी-कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान विवाह स्थल पर भोजन व्यवस्था, रजिस्ट्रेशन स्थल, पार्किंग स्थल सहित विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। सभी तैयारियां समय पूर्व करने के निर्देश दिए। काशी सुमेरु पीठाधीश्वर जगतगुरु₹ शंकराचार्य स्वामी ₹नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज₹ 15 जुलाई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में शामिल होंगे। जगतगुरु₹ ₹शंकराचार्य₹ स्वामी ₹नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज सुबह 10:30 बजे कृषि उपज मंडी दमोह पहुंचेंगे, जहां वह उपस्थित मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में नव दायित्व जीवन में प्रवेश करने वाले वर -वधू को मंगल आशीर्वाद देंगे।

### पीजी कॉलेज के उन्नयन से बढ़ेगी सुविधायें, एआई एवं फैच के कोर्स होंगे प्रारंभ

## पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



यह बहुत महत्वपूर्ण और खुशी का क्षण हैं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में पूरे मध्य प्रदेश में हर जिले में एक कॉलेज को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के लिए चुना गया हैं, इसमें दमोह कॉलेज को चुना गया हैं। हमारे लिए सौभाग्य की बात हैं, यह कॉलेज अब और नई ऊंचाइयां को छूएगा और सारी सुविधाएं बढ़ेंगी। जितनी सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं और जिनकी जरूरत पड़ेगी तो निश्चित रूप से पूरा कराया जाएगा। आप सभी के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई। इस आशय की बात आज प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान व्यक्त की। इस दौरान दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, श्री चौहान, प्रिंस जैन, अपर कलेक्टर मीना मसराम मंचासीन रहे। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस वर्ष से बीएससी एग्रीकल्चर शुरू हो गया हैं यह अलग प्रयोग हैं, बड़े दिनों से मांग थी कि कृषि संकाय यहां खुले, अब इस कॉलेज में खुला हैं। इसके लिए आप सभी और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं हैं, इस फील्ड की एक अलग मांग है अलग इसकी जगह हैं। कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापर्ण और दीपप्रज्ज्वलित कर किया गया। पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा सभी को बहुत शुभकामनाएं हमारे जिले में भी प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस खुला हैं। उन्होंने कहा मैं इस कॉलेज में पढ़ा नहीं हूं लेकिन इस कॉलेज से थोड़ा इमोशनली जुड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा पुराने लोगों का जिन्होंने अपना श्रम लगाया है, काम किया है, उस समय बड़ा मुश्किल का काम था, जिले के अंदर कोई कॉलेज नहीं था एक प्राइवेट जगह पर कॉलेज लगता था और आज प्रसन्नता की बात है अभी मैं प्लांटेशन करने आया था तो देखा किस तरीके से पूरा प्रांगण खूबसूरत हो गया है, छायादार वृक्ष है, सड़क है, सुंदर भवन है, ऑडिटोरियम है, ज्यादातर सब्जेक्ट के यहां पर लैब है। उन्होंने कहा इस अवसर पर मैं सभी लोगों के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं, विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं कि आप सभी पढ़े-लिखे और दमोह शहर का, जिले का और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

राज्यमंत्री श्री पटैल और दमोह विधायक श्री मलैया ने हिन्दी ग्रन्थ अकादमी पुस्तक विक्रय केन्द्र, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, विवेकानन्द युवा मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं विद्या वन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने इन केन्द्रों का अवलोकन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के इंदौर से मध्यप्रदेश के समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दमोह में भी देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स दमोह में सभी सामान्य विषयों के अलावा बी.एस.सी. (बायोटेक), बी.एससी. (कृषि), बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस), बी.कॉम. (बेंकिंग फायनेंसियल सर्विसेस एवं इन्श्योरेन्स) एवं बी.ए. संगीत, पाठ्यक्रमों का इसी सत्र से अध्यापन प्रारंभ किया गया। साथ ही आई.आई.टी. दिल्ली के सहयोग से आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स (A.I.) एवं FATCH विषय पर सर्टिफिकेट कोर्सेस प्रारंभ हो रहे हैं। इस अवसर पर एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव, राघवेन्द्र सिंह परिहार, पूर्व प्राचार्य डॉं के पी अहिरवार, राजू ठाकुर, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सम्मानीय मीडियाजन के साथ ही कॉलेज के प्राचार्य और स्टाफ, छात्र-छात्राएं, आमजन मौजूद रहे।

## करेन्ट से मां को बचाया पर खुद की जान गवां बैठा बेटा

**हिण्डोरिया।** नगर मे एक नाबालिग लड़के की अपनी मां को करंट से बचाने के प्रयास में अपनी जान गवां दी। इस बारे मे हिंडोरिया थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रदीप जोशी ने बताया कि कस्बा हिण्डोरिया के वार्ड



नंबर 9 निवासी धनीराम चक्रवर्ती उर्फ टेडी.अपने परिवार के साथ देशी शराब के सामने बने मंगलम गार्डन में चौकीदारी करते थे एवं परिवार सहित इस गार्डन में बने कुआं के पास वाले मकान में रहते थे । शनिवार की दोपहर जब धनीराम की पत्नी केशर बाई घर के सामने टंगे कपडे. उतार रही थी तभी उन्हें वहां पर लगे हुए तार से अचानक करंट लग गया। और वह उसमें चिपक गई । इस दौरान माँ को जीआई तार से चिपका देखकर बचाने के लिए उनका 17 वर्षीय पुत्र प्रदीप चक्रवर्ती दौड़ा और लकड़ी तार पे मार कर मां को बचाने प्रयास किया लेकिन तार मां से छूट कर उसे लिपट गया। इस प्रयास से मां तो बच गई । मगर वह स्वंय चिपक गया।भाई प्रदीप को चिपका देख उसे बचाने उसी बहिन अन्जो ने भी प्रयास किया। तभी चीख पुकार सुनकर लोग पहुँच गये और आनन फानन मे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहाँ से प्रदीप को दमोह जिला चिकित्सालय ले गये । जहा उसे उपचार पूर्व चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाद मे पुलिस ने पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर शव परिजनों को सौप दिया। एवं मर्ग कायम कर विवेचना मे ले लिया। स्थिति पुलिस विवेचना पश्चात स्पष्ट होगी।

## प्रयास संस्था ने पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



**दमोह।** जिले की प्रमुख पर्यावरणीय संस्था प्रयास ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मारूताल में बालसभा आयोजित कर बच्चों के मध्य पौधों का महत्व और उनकी उपयोगिता तथा पॉलीथिन और प्लास्टिक के पर्यावरण पर हानिकारक प्रभावों पर गोष्ठी रखी और बच्चों को संदेश दिया कि सुखी भविष्य के लिए उन्हें पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के प्रयास करना चाहिए गोष्ठी के बाद प्रयास के वरिष्ठ सदस्य एमएल जैन और रामसेवक सोनी ने प्रश्न मंच के माध्यम से बच्चों का ज्ञान के प्रश्न मंच में भाग लेने वाले 10 बच्चों को पुरूस्कृत किया गया।कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विद्यालय परिषद में पौधा रोपण किया गया, संपूर्ण कार्यक्रम के संयोजन में प्रयास के संगठन डॉक्टर एलसी जैन, संतोष जैन, प्राचार्य श्रीमती नीलम जैन, एवं शिक्षक अरविंद खरे की प्रमुख भूमिका रही। शाला के सभी शिक्षकों की कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की गई, प्राचार्य श्रीमती जैन ने अपने उद्बोधन में प्रयास के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

## जानकारी न होने से बैरंग अपने-अपने घर लौटे वर-वधू

### ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही से बधु पक्ष को नहीं दी गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की सही जानकारी



**हटा।** विधानसभा हटा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह निकाह का आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित होना है जिसकी पूर्व में 14 जुलाई तारीख निर्धारित की गई थी लेकिन प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा आयोजन की तिथि संशोधित कर 16 जुलाई को आयोजित किए जानें जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देषित कर इसकी सूचना ग्राम पंचायत स्तर पर दिए जानें निर्देष जारी किए गये थे ।लेकिन जनपद पंचायत के जिम्मेदारों एवं ग्राम पंचायत के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते विवाह योजना की बढ़ाई गई तारीख की जानकारी उन हितग्राहियों को नहीं दी गई जिनका रजिस्ट्रेशन इस योजना के तहत किया गया। जिससे रविवार के दिन सुबह से एक दूल्हा-दुल्हन का जोड़ा परिवार सहित जनपद पंचायत पहुंचा जहां कार्यालय में सन्नाटा देखकर परिजनों द्वारा जानकारी जुटाई गई तब उन्हें पता चला कि विवाह सम्मेलन आगामी 16 तारीख को आयोजित होना है जिससे दोनों पक्षों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।जानकारी के अनुसार सकोर ग्राम पंचायत के अधीन आनें वाले ग्राम निवासी माफी का सामने आया है जहां दीपा बर्मन पिता चन्नू बर्मन का मुख्यमंत्री विवाह योजना के अंर्तगत विवाह होना था और पन्ना के मुड़वारी में लकी बर्मन के साथ विवाह संपन्न होना था लेकिन ग्राम पंचायत के सचिव व जिम्मेदार अधिकारियो की लापरवाही के चलते बधु पक्ष तक जानकारी आगे की नहीं दी गई जिससे दुल्हन बनकर ऑटो वाहन से परिजनों एवं वर पक्ष के लोगो को जानकारी के अभाव में बैरंग वापस होना पड़ा।

## दूसरे दिन नदी किनारे झाड़ियों में फंसा मिला मासूम का शव

### मासूम को ले गया था मगरमच्छ, वन अधिकारी ने नदी नालों से दूर रहने सचेत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नोहटा थाना अंतर्गत हटरी गांव निवासी अर्जुन लोधी के आठ साल के मासूम बेटे कृष्ण का शव आखिरकार दूसरे दिन बरामद हो गया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही करते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया । उल्लेखनीय है कि हटरी निवासी कृष्ण अपने पिता अर्जुन के साथ नदी में नहाने के लिए गया था इसी दौरान पानी में डुबकी लगाते ही एक मगर मच्छ कृष्ण को अपने मुंह में दबोच कर ले गया था। जिसके बाद शनिवार को दिन भर मासूम की तलाश में नदी के अंदर गोताखोर तथा मोटर बोट की मदद से रेस्क्यू किया जाता रहा था लेकिन मासूम का कोई सुराग नहीं लग सका था। इसके बाद शाम को गुस्साए ग्रामीणों ने चका जाम करके आक्रोश व्यक्त किया था। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों की समझाइस पर बाद में मार्ग को खोला गया था। रात हो जाने की वजह से रेस्क्यू तो रोक दिया गया था लेकिन ग्रामीण तथा परिजन इस आशा में रात भर नदी किनारे बैठे रहे थे कि शायद मगरमच्छ के चुंगल से निकालकर मासूम बाहर आ जाए। इस दौरान नदी किनारे बैठे एक बुजुर्ग लक्ष्मण सिंह पर भी मगरमच्छ ने हमला करने का प्रयास किया था। वही लोगों ने मगरमच्छ की इस हरकत को मोबाईल में कैद कर लिया था। जिसमे वह काफी बड़ा दिख रहा था। इधर रविवार सुबह SDRF टीम के साथ ग्रामीण मनोज शर्मा ने जब फिर से कृष्ण की तलाश शुरू की तो घाट से कुछ ही दूरी पर झाड़ियों में उसका शव मिल गया। उसके पेट के दोनों तरफ मगर के दांत के घाव दिख रहे थे, जिसमें समझा जा सकता है कि मगरमच्छ ने मासूम को निगल नहीं पाया था। पानी में दबोच कर ले जाने के कारण दम घुटने से मासूम की मौत हो गई होगी । ग्रामीणों ने बताया की मगरमच्छ मासूम को मुंह में दबाकर कई बार ऊपर आया और फिर इतने गहरे पानी में चला गया कि उसे खोजना काफी मुश्किल था। मासूम का शव मिल जाने से परिजनों का जहां रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है वही वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बारिश को ध्यान में रखकर लोगों से नदी नालों के आसपास नहीं जाने की अपील की गई है क्योंकि इस क्षेत्र में छोटे-बड़े मगरमच्छ काफी संख्या में विचरण करते हुए आए दिन नजर आ जाते हैं।

## श्रद्धालुओं की अर्टिगा कार को ट्रक ने टक्कर मारी, दुबे परिवार के तीन की मौत

### दमोह सागर से चित्रकूट दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की कार को ट्रक ने टक्कर मारी, 4 की मौत 3 गंभीर

दमोह। मप्र के सतना जिले के मझगंवा थाना क्षेत्र मे शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है। चित्रकूट मार्ग पर हुए इस हादसे में एक अनियंत्रित ट्रक सामने से आ रही अर्टिगा कार को टक्कर मारने के बाद सड़क से नीचे तक घसीटता ले गया। इस भीषण दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो जाने तथा 3 की हालत गंभीर होने की जानकारी सामने आई है। यह सभी



लोग दमोह सागर जिले के निवासी तथा आपस में रिश्तेदार बताए गए हैं जो की चित्रकूट दर्शन के लिए कार से जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतना-चित्रकूट रोड पर मझगवां थाना क्षेत्र में भरगवां मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने अर्टिगा कार को सामने से टक्कर मार दी और काफी दूर तक घसीटता ले गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार क्रमांक एमपी 15 **CB** 4799 को चला रहे ड्राइवर सहित अगली सीट पर बैठे दो लोगों के शव गाड़ी में ही फंस कर रह गए। बताया जा रहा है कार में सवार लोग सागर और दमोह से तिवारी और दुबे परिवार के सदस्य थे जो चित्रकूट दर्शन के लिए जा रहे थे। मौके पर मृत हुए लोगो की पहचान चंद्रभान तिवारी पिता वासुदेव तिवारी (45) निवासी नेहा नगर मकरोनिया सागर तथा सुदामा दुबे पिता भगवान दास दुबे (75) निवासी जबलपुर नाका दमोह रिटायर्ड सहायक उप निरीक्षक के रूप में हुई है। जबकि अस्पताल में दम तोड़ने वाली युवती की पहचान प्राची तिवारी पिता रजनीश तिवारी (22) निवासी दमोह के रूप में हुई है। इलाज के दौरान ही अक्षांत दुबे पिता अखिलेश दुबे (12) की भी मौत हो जाने की जानकारी प्राप्त हुई हर। अक्षांत की हालत भी नाजुक होने पर जिला अस्पताल से बिरला हॉस्पिटल रेफर किया गया था लेकिन फिर भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे में दो महिलाओं के अलावा दर्श दुबे पिता अविनाश दुबे (10) भी घायल हैं। बताया जाता है कि मृतक सुदामा दुबे मृतक चंद्रभान द्विवेदी के बहनोई थे। जबकि उनके बेटे महेश दुबे नायब तहसीलदार हैं। महेश भी साथ मे ही चित्रकूट की यात्रा कर रहे थे लेकिन वे अन्य लोगों के साथ दूसरी गाड़ी में थे। मृतका प्राची तिवारी उनकी नातिन और मृतक अक्षांत उनका नाती है।फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है वही टक्कर मार कर घसीटने वाले ट्रक के चालक का पता नहीं लग सका है। इस दुखद दर्दनाक हादसे की खबर दमोह सागर पहुंचने पर परिजनों के साथ परिचितों में शोक व्याप्त है।

## नागालिग से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायालय सुश्री महिमा कछवाहा, माननीय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने नाबालिग से बलात्का9र करने के एक मामले में 13 जुलाई 2024 को पारित निर्णय में आरोपी राजू कनोजिया को आजीवन कारावास की सजा के साथ साथ अर्थदण्डस से भी दंडित किया है। अभियोजन मामला संक्षेप में इस प्रकार है, अभियोक्त्री के दादा ने रजपुरा चौकी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 09 फरवरी 2020 को सुबह करीब 7-8 बजे नाती ने बताया कि अभियोक्त्री (नातिन) सुबह कही चली गई है पता करने पर कही नही मिली। अभियोक्त्री के दादा की उक्त रिपोर्ट के आधार पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान पाया की अभियुक्त द्वारा बालिका के साथ गलत काम किया गया। विवेचना के दौरान बालिका को दस्तआयाब किया गया। फरियादी, बालिका एवं अन्यच गवाहों के कथन लेख किये गये एवं अन्यस सुसंगत विवेचना कार्यवाही पश्चानत अभियोग पत्र न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय में आई मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य और अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर माननीय न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया गया। माननीय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने आरोपी राजू कनोजिया को अनुसूचित जाति जनजाति (अत्यानचार निवारण अधिनियम) 1989 की धारा 3(2)(5) में आजीवन कारावास एवं 6000रूपये अर्थदण्ड , पाक्सो अधिनियम 2012 की धारा 3/4,5(ठ)/6,5(ii)/6 में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं कुल 12000 रूपये जुर्माना, धारा 376(3),376(2)एन भादवि में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 8000 रूपये का अर्थदण्ड , 366 भादवि में 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड7, धारा 363 भादवि में 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं कुल 500 रूपयें जुर्माना अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। मामले में पैरवी प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी श्री कैलाशचंद पटेल के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री हेमंत कुमार पाण्डे्य द्वारा की गई । सहायक ग्रेड तीन श्री विनय नामदेव द्वारा आवश्यचक सहयोग किया गया। मामले की विवेचना उनि राजीव पुरोहित द्वारा की गई।

## युवा कांग्रेस की बैठक में हुआ जमकर विरोध प्रर्दशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला कांग्रेस कार्यलय में जिला युवा के पूर्व पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें युवा कांग्रेस की तरफ से आई जिला प्रभारी मोना कौरव जी ने बैठक ली। बैठक में नई नियुक्ति को लेकर पूर्व पदाधिकारियों की तरफ से जमकर विरोध प्रर्दशन किया गया। मामले को बढता देख बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस, रतनचंद जैन, पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व जिला अध्यक्ष मनु मिश्रा, व अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जन ने युवा को शांत किया व नियुक्ति संबधित विवाद प्रदेश कार्यालय तक पहुचाने की बात रखी। युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पं. अभिषेक डिम्हा ने कहा कि बैठक का आयोजन युवा कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारियों व वर्तमान सक्रिय युवा कांग्रेसजन के आग्रह पर किया गया है जिसमे दमोह जिले के समस्त ब्लाक से व जिले के सक्रिय युवा कांग्रेसी, व पूर्व अध्यक्ष उपाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित हुए है जिनमें नियुक्ति को लेकर जमकर आक्रोश व्याप्त है जिसमें सभी पदाधिकारियों ने 2 दिनो मे नियुक्ति निरस्त करने व आग्रह प्रभारी से किया है वही पार्षद सभापति रफीक खान ने कहा अगर नियुक्ति 2 दिन में निरस्त नहीं हेती है तो सामूहिक रूप से सभी युवा कांग्रेसी इस्तीफा देगे व पार्टी के इस गलत निर्णय के खिलाफ धरन प्रदर्शन करेगे वही उपाध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने कहा कि जिसकी कांग्रेस में सदस्ता तक नहीं है उन्हे पार्टी ने सीधा अध्यक्ष बना दिया इसके बनने से दमोह में व पार्टी मे माहोल खराब हो गया है। इनकी नीति हिन्दू संतो को अपशब्द कहने जाति को गाली बकने की रही है इससे पार्टी को नुकसान होगा पार्टी के नेता जल्द यह नियुक्ति निरस्त करे वरना युवा कांग्रेस के सभी युवा भोपाल में कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शनर करेगे। बैठक में सभी वरिष्ठो ने इस नियुक्ति की निदा की व अस्वस्थ्य किया की जल्द से जल्द कार्यवाही की जायेगी बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौरसिया, किसान अध्यक्ष नितिन मिश्रा, लालचंद राय, डी.पी. पटैल, बबलू भट्ट, मंजीत यादव, दिनेश रैकवार, प्रजु यशोधरन, विक्रम ठाकुर, पप्पू कसोटिया, मिक्की चंदेल, हेमराज अहिरवाल, शैलेन्द्र, जीशन पठान, राजू बधीरा, राजा रौतेला, रतनेश सोनी, वीर सिंह, अर्जुन यादव, डालचंद्र कुशवाहा, दीपक चौरसिया, बाबू मसतान, अजय जाटव, मानक अहरवाल, गोपाल चौरसिया, विजय रैकवार, सहित युवा कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी सहित सैकड़ो युवाजन की उपस्थिति रही।